दिनांक 03.05.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

तालाबों में हो रहा है जलभराव, आमजन को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी में होगी सहूलियत

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में पानी की आवश्यकता को देखते हुए तालाबों के आसपास की सफाई कराकर जलभराव किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी हेतु पानी की खपत अधिक होने से तालाबों में निस्तारी कर पाएंगे। निगम का अमला तालाब में निस्तारी की समस्या न हो इसलिए निगम क्षेत्र के तालाबों के समीप एवं परिसर से झिल्ली , पन्नी व कचरे की सफाई कराई गई है , वही तालाब में पानी भरने के लिए नहर से आने वाले रास्ते को क्लियर किया गया है , शहर के कई तालाब में पानी भरे जा चुके हैं कुछ तालाबों में भरने की प्रक्रिया जारी है। तालाबों में जलभराव पश्चात जल शुद्धिकरण के लिए एलम की व्यवस्था की गई है। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक खपत तथा नलकूप व बोर में पानी कम होने के बाद लोग तालाबों में निस्तारी करते है। वही तालाब में पानी भरने से आसपास के जल स्रोत में भी वृद्धि होती है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम क्षेत्र के निस्तारी किए जाने वाले सभी तालाबों को तांदूला जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़े गए पानी से तालाबों को भरने के निर्देश दिए है। भिलाई निगम क्षेत्र के लोगों के निस्तारी की व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम प्रशासन द्वारा तालाबों में जलभराव का कार्य कर रही है। स्वच्छता अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी तालाबों से गंदगी , झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकलवाकर साफ, सफाई कराई जा चुकी है। तालाब तक आने वाले नहर के कचरे को साफ कराया गया है ताकि तालाब में साफ सुथरा जलभराव किया जा सके। इसके साथ ही आवागमन के लिए तालाब के आस पास की सफाई भी किया जा चुका है। जोन क्र. 01 में वार्ड 01 जुनवानी शीतला तालाब , वार्ड 02 स्मृतिनगर तालाब, वार्ड 03 भेलवा तालाब, खमरिया आलाबंद तालाब एवं खमरिया शीतला तालाब में नहर के माध्यम से गर्मी के दिनों में पानी भरा जाता है , इन तालाबों में से भेलवा तालाब, स्मृति नगर तालाब और जुनवानी शीतला तालाब में पानी भरा जा चुका है, शेष में पानी भरने का कार्य जारी है। जोन कं. 02 में वार्ड 27 घासीदास नगर तालाब, वार्ड 16 के नकटा तालाब, ढौर तालाब व कुरूद के शीतला तालाब में नहर से पानी भरा जाता है! जोन कं. 03 के श्यामनगर तालाब में पानी भरा हुआ है! जोन कं. 04 क्षेत्र में छावनी दर्री तलाब, लक्ष्मण नगर तालाब, बाबा बालकनाथ स्थित तालाब एवं बापूनगर तालाब को नहर से भर जाता है, इसमें से कुछ ऐसे भी तालाब है जिन्हें बोर के पानी से भी भरा जाता है , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि छावनी दर्री तालाब को भरा जा चुका है! तालाब में सफाई पश्चात जलभराव किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के आम नागरिक ग्रीष्म ऋतु में तालाब में निस्तारी कर सके।